**फलदार व छायादार प्रजाति के 1.05 लाख पौधे लगाएगा जीडीए**

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : मानसून सत्र के दौरान प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण( जीडीए)फलदार एवं छायादा प्रजाति के पौधे लगाएगा। प्रदेश शासन ने मानसून सत्र के दौरान जीडीए को 1.05 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभिन्न स्थान चिन्हित कर लिए गए है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर जीडीए के उद्यान अनुभाग ने पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। जीडीए के उद्यान प्रभारी एसके भारती का कहना है कि 1.05 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।



# संक्षिप्त खबरें

## चोरी की 5 दर्जन से ज्यादा वारदातों को अंजाम देने वाले गिरफ्तार



**करनाल/ आशुतोष गौतम**: एसपी मोहित हाण्डा के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए करनाल पुलिस की एंटी बर्गलरी टीम को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। बर्गलरी टीम के इन्चार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह को चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 2 आरोपियों के संबंध में सुचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए गोगड़ीपूर फाटक के पास से दोनों आरोपियों मंगल पुत्र तुली और सावन पुत्र जसमेर वासीयान डेहा बस्ती, मंगल कालोनी, करनाल को धर दबोचा। उप निरीक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि स.उप निरीक्षक अनुप सिंह की अध्यक्षता में कार्य करते हुए उनकी टीम ने बड़ी मस्कत के बाद आरोपीयों को काबू किया है और प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी सावन ने 33 व आरोपी मंगल ने 27 चोरी की वारदातों को अब तक अंजाम दिया है, जिनमें वे गिरफ्तार होकर जेल भी जा चुके हैं।

## ओएसडी ने एक कमरा और रसोई का उद्घाटन किया

**करनाल/ आशुतोष गौतम**: बुधवार को सुनार धर्मशाला पुराना सराफा बाजार में एक कमरा और रसोई का उद्घाटन सीएम नायब सिंह सैनी के ओएसडी संजय बठला के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय बठला को फूल मालाओं, लोई और महाराजा अजमीढ के मोमेंटो प्रतीक से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम मैड क्षत्रिय सुनार सभा करनाल के प्रधान राम भजन वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। यहाँ पर संरक्षक देवेंदर वर्मा, ईश्वर दयाल वर्मा, श्याम लाल वर्मा, रूप चन्द वर्मा, पृथ्वी चन्द वर्मा उप-प्रधान प्रवीण कुमार वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, संदीप कुमार वर्मा सचिव- अरुण कुमार वर्मा, कैशियर विनोद कुमार खिप्पल, एमसी- युद्धबीर सैनी , राम कुमार वर्मा, डा. अशोक वर्मा, पवन कुमार, प्रवेश कुमार, धर्मपाल वर्मा, गोल्डी वर्मा, बॉबी, बुद्वा राम, कवल जीत, अश्वनी, मनीष, अशोक वर्मा, राम कंवर, यसपाल, तरावडी प्रधान रामेश्वर व अन्य समाज सेवक मौजूद थे।



## नशा मुक्त अभियान के तहत तस्कर गिरफ्तार



**करनाल/डा. हरीश चावला**- बीती शाम करनाल क्राइम यूनिट सी.आई.ए-1 टीम द्वारा करनाल नशा मुक्त अभियान में महत्वपूर्ण भुमिका निभाते हुए गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करके शिव कालोनी कैथल रोड करनाल से आरोपी अंकित राम उर्फ मुन्ना पुत्र बब्बन राय वासी गांव चोरी थाना पंडाल, जिला मधुबनी, बिहार हाल किरायेदार शिवकालोनी, करनाल को उसके किराए के मकान से नशे की खेप के साथ गिरफतार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से मौके पर ही 10 किला 50 ग्राम गांजा फुलपती बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध में मिडिया कर्मीयों को जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक शहर वीर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस के नवनियुक्त कप्तान करनाल को नशा मुक्त बनाने के लिए वचनबद्ध हैं। जिसके लिए जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है। शाम इस अभियान के तहत सी.आई.ए-1 टीम द्वारा इन्चार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार की अध्यक्षता में कार्य करते हुए गुप्त सुचना के आधार पर उक्त आरोपी को गिरफतार किया व उसके कब्जे से नशे की खेप बरामद की।

## भाविप के संस्थापक डा. सूरज प्रकाश की जयंती पर मनाया सेवा पखवाड़ा



**करनाल/ आशुतोष गौतम**: भारत विकास परिषद, कर्ण शाखा द्वारा भारत विकास परिषद के संस्थापक डा. सूरज प्रकाश की जयंती के सुअवसर पर सेवापखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय, कुलवेहरी में बच्चों को स्टेशनरी वितरण और विद्यालय में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम् व समापन राष्ट्रगान से किया गया। परिषद की महिला एवं बाल विकास संयोजिका ज्योति चौधरी ने बताया कि विद्यालय की छठी से दसवीं कक्षा तक के 250 बच्चों को कर्ण शाखा के सदस्यों द्वारा स्टेशनरी वितरित की गई और साथ ही विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण का कार्य भी किया गया जिसमें नवमी कक्षा के 60 और आठवीं कक्षा के 20 बच्चों ने शाखा के सदस्यों के साथ मिलकर अपने हाथों से आम, पीपल, सागवान और नीम के पौधे लगाए और भविष्य में उनकी देखरेख करने की भी जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में परिषद के उपाध्यक्ष नीरज गर्ग ने बच्चों को गर्मी के दुष्प्रभाव और पेड़ों के फायदों के बारे में बताते हुए उन्हें प्रेरित किया कि प्रत्येक बच्चा एक पौधा लगाए और उसकी संभाल की पूरी जिम्मेदारी भी उठाए ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए ये पेड़ लाभकारी हों। महिला एवं बाल विकास संयोजिका ज्योति चौधरी ने प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से बच्चों को संस्कारित करने तथा पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। पौधे लगाने में बच्चों के जोश और उत्साह ने सभी को प्रभावित किया।

## भाजपा सरकार को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं : सुमिता सिंह



**करनाल/डा. हरीश चावला**- सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले साढे नो सालों में जनता की समस्याओं को बढ़ाने का काम किया है यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने बताया कि जनता की आवाज उठाने के लिए जन मिलन कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। पार्श्वनाथ सिटी सैक्टर35 में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने स्वागत किया इस मौके पर पार्श्व नाथसिटी निवासियों की समस्याएं सुनी सैक्टर-35 के निवासियों ने सीवर, बिजली व सड़कों की बुरी हालत के बारे में बताया। जर्जर सड़कों की वजह से महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। वहां के निवासियों ने बताया कि हमने ऊपर से लेकर नीचे तक सभी प्रशासन अधिकारियों को लिखित में शिकायत करी है मगर कोई समाधान नहीं निकला। इस मौके पर सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने में असफल साबित हुई है। करनाल में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है मगर कोई सुनने वाला नहीं है। इस मौके पर पार्श्वनाथ सिटी के प्रधान, मेम्बर व निवासियों ने एक ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर अजेंदर कुमार प्रधान, विकास नागपाल उपप्रधान व सभी मेम्बर रमेश कुमार, राकेश सिंह ,भरत कुमार मलिक, वीएस लोहिया, सुरेंद्र अरोड़ा, तेजवीर, दीपक गोयल, गौरव, बलविंदर सिंह,सरदार लखविंदर सिंह , नरेंद्र शर्मा, रवि, रोहित, आकाश आदि मौजूद थे।

# खतरा: तुलसी निकेतन कॉलोनी के जर्जर फ्लैट में रह रहे 10 हजार लोग

### जीडीए पहले ही दे चुका है नोटिस, मकानों में रहने वाले नहीं कर रहे खाली

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

**गाजियाबाद/ भूपेंद्र तालना**: जीडीए की तुलसी निकेतन कॉलोनी में जर्जर भवनों में रहने वाले करीब 10 हजार लोगों को एक बार फिर जान का डर सताने लगा है। बारिश के मौसम में यह तुलसी निकेतन के जर्जर भवनों में रह रहे हैं। खास बात यह है कि जीडीए इन जर्जर भवनों में रहने वाले लोगों को पहले ही नोटिस दे चुका हैं। मगर यह लोग मकानों को खाली नहीं कर रहे हैं। जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट आने के बाद इन्हें पांच साल पहले असुरक्षित घोषित किया जा चुका है। ऐसे में बारिश का मौसम आते ही इनके गिरने का खतरा बना रहता है। जीडीए और वहां रहने वाले लोगों के बीच सहमति नहीं बनने से लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर यहां रह रहे हैं।



जीडीए के प्रभारी चीफ इंजीनियर मानवेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि दिल्ली जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के आधार पर इन मकानों को जर्जर घोषित किया जा चुका है। नगर निगम ने हालांकि अपनी रिपोर्ट नहीं दी है।जीडीए की ओर से वहां रहने वाले लोगों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके हैं। मगर वहां रहने वाले लोग इन मकानों को खाली नहीं कर रहे है। दरअसल,जीडीए ने वर्ष-1990 में 8 हेक्टेयर जमीन में 2004 ईडब्ल्यूएस व 288 एलआईजी फ्लैट का निर्माण कराकर तुलसी निकेतन कॉलोनी बसाई थी। 34 साल पहले बनी इस कॉलोनी में 2292 फ्लैट है। इनमें 10 हजार से अधिक लोग रहते हैं। फ्लैट के आवंटन के बाद बिल्डिंग की मरम्मत नहीं होने से 30 साल में ही बिल्डिंग जर्जर हो गई। जीडीए ने पांच साल पहले यहां सर्वे कराया था। जिसमें यह जर्जर भवन रहने योग्य नहीं पाए गए थे। जीडीए ने इन फ्लैट को असुरक्षित घोषित करा नए भवन बनाने की पेशकश की थी। यहां पर 9 बहुमंजिला बिल्डिंग बनाकर फ्लैट आवंटन किए गए थे। बाकी की जमीन को बेचकर जीडीए ने पुनर्निर्माण का खर्चा निकालने का फैसला किया था। मगर इस प्रस्ताव को वहां के लोगों ने अस्वीकार कर दिया दिया था,जीडीए ने सिर्फ उन्हीं लोगों को निःशुल्क आवास देने की बात कही थी,जिनके पास फ्लैट की रजिस्ट्री है। यहां रहने वाले 90 फीसदी लोग फ्लैट के मूल आवंटी नहीं हैं। इन्होंने मूल आवंटी से पावर ऑफ अटॉर्नी कराकर फ्लैट में रहना शुरू कर दिया था। जीडीए ने शासन को भी इस बारे में पत्र लिखा था। लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ। बेघर होने के डर से लोग अपनी जान जोखिम में डाले हुए हैं। वहां रहने वाली ऋतु सरीन का कहना है कि यहां 90 फीसदी लोग मूल आवंटी नहीं हैं। सभी ने अपनी जमा-पूंजी लगाकर फ्लैट खरीदा था।

## कोर्ट केस में निर्णय जीडीए हित में रहे,ऑनलाइन रखे अपडेट: अतुल वत्स

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क



**गाजियाबाद/ भूपेंद्र तालान**: जीडीए के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे केस में अब प्रभावी तरीके से अधिवक्ताओं के द्वारा पैरवी कराने एवं निर्णय जीडीए हित में रहे। इसको लेकर जीडीए के विधि अनुभाग द्वारा सभी कार्रवाई को ऑनलाइन रखा जाएगा। गुरूवार को जीडीए सभागार में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने जीडीए के विधि अनुभाग की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को यह दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह,ओएसडी कनिका कौशिक, प्रभारी चीफ इंजीनियर मानवेंद्र कुमार सिंह,विधि अधिकारी शशि भूषण राय, प्रभारी भू-अर्जन व सहायक अभियंता उपस्थित हुए। जीडीए उपाध्यक्ष ने बैठक में अगले दो माह में न्यायालयों में सूचीबद्ध होने वाले वादों में की जाने वाली आवश्यक कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त प्रभारी अधिकारी एवं सहायक अभियंता यह सुनिश्चित कर लें कि उन्हे आवंटित अनुभाग से संबंधित केसों में नामित अधिवक्तों से संपर्क स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई एवं सतत् मॉनिटरिंग की जाए। न्यायालयों में प्रचलित वादों में निर्णय भी जीडीए हित में रहे। बता दें कि जीडीए के विभिन्न न्यायालयों में करीब 3300 केस चल रहे है।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द लागू करने की मांग,कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

**गाजियाबाद/ भूपेंद्र तालान** : देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर गुरूवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एडीएम एलए विवेक श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। धरने में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंधाधुंध संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर %जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाया जाए। जनसंख्या और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झुकता दिखने लगा है। भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर %जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा विगत 11 वर्षों से धरना-प्रदर्शन व राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।अभियान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक डा. इन्द्रेश कुमार एवं केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अनिल चौधरी ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून'



जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन।

बनाने के लिए समय रहते आवश्यक कदम ना उठाए जाने की स्थिति में निकट भविष्य में विधायक एवं सांसदों सहित जनप्रतिनिधियों के घेराव किए जाएंगे। इस दौरान जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी,राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल,वंदना त्यागी,महानगर अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी,नरेंद्र त्यागी,नेपाल सिंह,हरपाल सिंह,महेश आहूजा,अमरदत्त शर्मा,डॉ.आर के पोद्दार,राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी,महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष हेमा शारदा,गोपाल अग्रवाल, मोहित त्यागी,रिंकू त्यागी,रीना त्यागी,मुकेश त्यागी,मनोज,त्रिलोक चौधरी,वर्षा हजेला,निर्मला उपाध्याय,विनीत शर्मा,राजू चौधरी,अमित रंजन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



बैठक में मनोनीत किए गए भूपेंद्र सिंह बॉबी।

## राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के महानगर अध्यक्ष बनाए भूपेंद्र चौधरी बॉबी

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : गोविंदपुरम स्थित आई ब्लॉक मढैया में गुरूवार को राष्ट्रीय जाट महासभा(भारत)के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अजय पाल प्रमुख व जिलाध्यक्ष आनंद चौधरी ने जाट महासभा की बैठक की।बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने भूपेंद्र सिंह चौधरी(बॉबी)मढैया को राष्ट्रीय जाट महासभा का महानगर अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने कहा कि सभी जाट संगठन को एकजुट होकर समाज हित में संयुक्त जाट मोर्चे का गठन कर संयुक्त लड़ाई लडने का काम करें। उन्होंने केंद्र सरकार से शहीद भगत सिंह को शहीद का दर्जा देने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अजयपाल प्रमुख ने केंद्र में जाट समाज को आरक्षण देने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जाट समाज को आरक्षण देने का जो वायदा किया था। उसे पूरा करें। जिलाध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि जाट समाज एकत्र होकर समाज हित में कार्य करें। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव चौधरी नरेश नगला,महासचिव संजीव शेखर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में संदीप चौधरी,सोनवीर चौधरी,मोहित चौधरी,सागर चौधरी युवा मंडल अध्यक्ष,सुनील चौधरी,रणवीर प्रधान,जगबीर मलिक,महिपाल तोमर,मुकेश आदि लोग उपस्थित हुए।

## जीडीए में नायब तहसीलदार व विधि अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : जीडीए में नायब तहसीलदार एवं विधि अधिकारी ने अपना कार्यभार संभाल लिया। प्रदेश शासन ने पिछले दिनों रवि प्रजापति को नायब तहसीलदार और विधि अधिकारी शशि भूषण राय को जीडीए में नियुक्त किया था। नायब तहसीलदार रवि प्रजापति ने तीन दिन पहले जीडीए में ज्वाइनिंग कर ली थी। जबकि गुरूवार को विधि अधिकारी शशि भूषण राय ने ज्वाइन कर लिया। यह कानपुर विकास प्राधिकरण से तबादला होकर जीडीए में आए हैं। गुरूवार को उन्होंने विधि अनुभाग में कर्मचारियों के साथ बैठक कर कामकाज का समझा। ऐसे में जीडीए के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे सभी मुकदमों में बेहतर तरीके से पैरवी करने और उनका निस्तारण तेजी से कराए जाने की संभावना है। विधि प्रभारी के रूप में अभी तक ओएसडी गुंजा सिंह जिम्मेदारी निभा रही थी।

## घुड़चढ़ी के दौरान पांच फीट के नाले में डूबने से 8 साल की बच्ची की मौत

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : अवंतिका कॉलोनी में नाले में डूबने से 8 साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब बच्ची घर के पास घुड़चढ़ी के दौरान ढोल बजने की आवाज सुनकर वहां पर पहुंची और नाचते वक्त पांच फीट गहरे नाले में जा गिरी। जब तक उसको नाले से बाहर निकाला गया,तब तक उसकी सांस थम चुकी थी। आरोप है कि जिस नाले में बच्ची की डूबने से मौत हुई है। उस नाले की सफाई भी नगर निगम ने हाल ही में कराई है। मगर नाले की सफाई में लापरवाही की गई। हाल यह है कि नगर आयुक्त ने शहर के नालों की बेहतर सफाई कराने का दावा किया था। मगर 8 साल की बच्ची की नाले में गिरने से हुई मौत के बाद नालों की सफाई के दावों की पोल खोल कर रख दी हैं। हादसे के वक्त नाला लबालब भरा हुआ था। यदि ठीक से नाले की सफाई होती तो उसमें पानी कम रहता और बच्ची की जान बच सकती थी। मामले में नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है, इस मामले की जानकारी कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बिहार के मुंगेर जिले में रहने वाले राजेश पासवान परिवार के साथ पुलिस लाइन दीवार से सटे प्रताप नगर में किराए के मकान में रहते हैं। राजेश और उनकी पत्नी सुनीता पेशे से बेलदार हैं। मंगलवार को राजेश मिशलगढ़ी में एक निर्माणाधीन मकान पर लेंटर डालने गए थे,घर पर पत्नी और चार बच्चे थे। बताया गया कि दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे घर के पास ही अवंतिका कॉलोनी के मेन रोड पर घुड़चढ़ी हो रही थी। ढोल की आवाज सुनकर राजेश की आठ वर्षीय बेटी कंचन घुड़चढ़ी देखने के लिए घर से निकली थी।

## हरियाणा में इस वक्त सरेआम गुंडाराज चल रहा : ढांडा



उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

**करनाल/डा. हरीश चावला**- आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रैसवार्ता कर हरियाणा में प्रतिदिन हो रही हत्याओं और फिरौती की घटनाओं को लेकर बीजेपी सरकार पर कड़ा कटाक्ष किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बीके कौशिक, लोकसभा उपाध्यक्ष दलविंदर चीमा, अमनदीप जुंडला और सुनील बिंदल मुख्य तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में इस वक्त गुंडाराज चल रहा है। रोजाना व्यापारियों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं, फिरौती मांगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। पिछले 24 घंटे के अंदर हरियाणा में सरेआम गोली मार कर दो हत्याएं हुईं है। उन्होंने कहा कि कल हांसी में एक व्यापारी की हत्या कर दी गई। आज सुबह गोहाना में पानीपत रोड पर एक दूध व्यापारी की हत्या कर दी गई। सोमवार की रात बीजेपी नेता के घर पर गोलीबारी की गई। पूरे प्रदेश में अलग अलग जगह अपराधी बेखौफ हत्याएं कर रहे हैं और फिरौती मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट समझ आता है कि जिस प्रदेश में पुलिस और सत्ता में बैठी पार्टी के नेता सुरक्षित नहीं, उस प्रदेश में आम आदमी कैसे सुरक्षित हो पाएगा। अब तक सात जिलों में फिरौती गैंग फैल चुका है। व्यापारियों और बड़े बड़े नेताओं और अफसरों से फिरौती मांगी जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत सारी घटनाओं में पीड़ित पुलिस को सूचित भी नहीं करते, क्योंकि उनको जान का खतरा है। आज तक हरियाणा पुलिस और हरियाणा सरकार ये पता नहीं लगा पाई कि इन सभी घटनाओं के तार किस गैंग से जुड़े हैं। इसका सीधा मतलब है कि बीजेपी नेताओं की सरपरस्ती में ये गैंग चलाया जा रहा है या पुलिस के बड़े अधिकारियों की शह पर अंडरवर्ल्ड स्थापित करने की कोशिश की जा रही है।



**लाडवा/उत्तम हिन्दू न्यूज़** - लाडवा से दैनिक उत्तम हिन्दू के वरिष्ठ सवांददाता शिव लाल चालिया को महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया। इस दौरान सासंद नवीन जिंदल, पवन गर्ग प्रधान व अन्य मौजूद थे।

## समाधान शिविरों के आ रहे सकारात्मक परिणाम : एसडीएम

**इन्द्री/अनेजा** : इन्द्री के एसडीएम अशोक कुमार ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निवारण में प्रदेश सरकार द्वारा चलाए समाधान शिविर पहल सार्थक सिद्ध हो रही है। प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में 8 समस्याओं में से 7 समस्याएं परिवार पहचान पत्र से संबंधित जिनका मौके पर ही निवारण कर दिया गया तथा एक समस्या जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित थी जिसे संबंधित विभाग के पास निवारण के लिए भेजा गया।

एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि समाधान शिविर में मुयतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही समाधान किया गया जा रहा है। सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले समाधान शिविरों के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। इन समाधान शिविरों में जनता की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है।

## पानीपत नैशनल हाईवे पर युवक की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या

**सोनीपत/नफेसिंह सैनी**: वीरवार सुबह गोहाना क्षेत्र में पानीपत-रोहतक हाईवे पर अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति पर ताबड-तोड़ 8 से 10 राउंड फायर कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल पहुंचाया । पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार जिले के गांव शामडी निवासी जयपाल उर्फ जोगेंद्र (50) पुत्र देवीसिंह जोकि दूधिया का काम करता था। वीरवार सुबह वह काम निपटा कर घर लौट रहा था कि जब सैनीपुरा गांव के पास पहुंचा तो ताक में बैठे अज्ञात हमलावरों ने ताबड़-तोड़ गोलियां चला दी। उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन रोड पर गिर गया व मौके पर ही दम तोड़ दिया। हमलावर घटना को अंजाम मौंके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल पहुंचाया। वहीं सदर थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि मामले का सीसीटीवी सामने आया है , जिसमे तीन बाइक सवार युवक हमला करते दिखाई दे रहे हैं।

## भाजपा सरकार जन विरोधी, चुनावों में भुगतेगी खामियाजा : वीरभान बाखली

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

**पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा** : प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण हल्का पिहोवा विकास कार्यों में पिछड़ चुका है और आमजन का भाजपा सरकार से मोह खत्म हो चुका है,जिसका खामियाजा इसे विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा।



ये शब्द कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट वीरभान बाखली ने अपने निजी कार्यालय में बातचीत के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि मानसून का आगाज हो चुका है,लेकिन अभी तक भी स्थानीय प्रशासन द्वारा शहर में स्थित अम्बाला व कैथल रोड़ सहित नालों की साफ सफाई नहीं करवाई,जिसका नतीजा होगा कि जब भी खुलकर बरसात होगी, पिहोवा शहर के बाजार व मोहल्ले जलमग्न दिखाई देंगे। इसी प्रकार भगवान परशु राम चौक का लम्बे समय से चल रहा कार्य आज भी अधूरा पड़ा है। वहीं सरस्वती तीर्थ व पार्क की खस्ताहाल हालत शहर पिहोवा के दुर्भाग्य का जीता जागता उदाहरण है। लम्बे समय से सरस्वती तीर्थ की बहते पानी की मांग आज भी अधूरी है, जिसके लिए शहरवासी व धार्मिक,सामाजिक संस्थाएं धरने प्रदर्शन कर चुकी हैं। मौजूदा हालात आज भी बाल्मिक मंदिर से आगे देखे जा सकते हैं, जहा बार बार मनरेगा स्कीम के तहत सफाई करवा कर इतिश्री कर दी जाती और थोड़े दिनों बाद फिर गंदगी जमा हो जाती है। लगभग एक माह पहले सफाई करके जो गंदगी बाहर निकाली थी वो आज भी पगडंडी पर पड़ी हुई है। वीरभान ने कहा कि कई वर्षों से घूमते बेसहारा पशुओं के कारण दुर्घटनाओं में बहुत से लोग जान तक गवां चुके हैं। जिनकी दुर्गति के लिए प्रशासन के साथ साथ भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

ICICI Home Finance **कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
**शाखा कार्यालय:** तृतीय मंजिल, 302-303, पर्ल-बर्ट हाइट्स-एल, नेताजी सुभाष प्लेस, वजीरपुर, पीतमपुरा, दिल्ली-110034

**( नियम 8 ( 6 ) का परंतुक देखें )**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना**

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणदाता(ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं. | सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि | जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ( क ) | ( ख ) | ( ग ) | ( घ ) | ( ङ ) | ( च ) | ( छ ) |
| 1. | योगेन्द्र वर्मा (ऋणदाता) सपना वर्मा (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. NHPNB00000831850 | "फ्लोर 3 सेक्टर 2 पॉकेट-2, ब्लॉक-एफ 4 नरेला एलआईजी दिल्ली" दिल्ली दिल्ली-110044. | रु. 17,17,728/-, 24, जून 2024 | रु. 8,10,016/- / रु. 81,010/- | 05 अगस्त 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक | 14 अगस्त 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट **( यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **13 अगस्त , 2024 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, तृतीय मंजिल, 302-303, पर्ल-बर्ट हाइट्स-एल, नेताजी सुभाष प्लेस, वजीरपुर, पीतमपुरा, दिल्ली-110034** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 13 अगस्त, 2024 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, तृतीय मंजिल, 302-303, पर्ल-बर्ट हाइट्स-एल, नेताजी सुभाष प्लेस, वजीरपुर, पीतमपुरा, दिल्ली-110034** में या **13 अगस्त, 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** या अन्य सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: जुलाई 12, 2024
स्थान: दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड